श्रीफल जैन न्यूज की प्रस्तुति



अंतर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज
की डायरी से

# तीर्थंकर ऋषभदेव का अनन्य अवदान...

# बहत्तर कलाएं





प्रस्तुति



रेखा संजय जैन
संपादक, श्रीफल जैन न्यूज़
संपर्क - 9827794634

तीर्थंकर ऋषभदेव का अनन्य अवदान...

# बहत्तर कलाएं

01


## लेख कला



सुंदर-सुस्पष्ट लिपि लिखना एवं अपने भावों, विचारों की सम्यक अभिव्यंजना।

02


## रूप कला



चित्र, धूलि चित्र, सदृश चित्र, चित्र बनाने का ज्ञान।

03


## गणित विद्या



अंकगणित, बीजगणित एवं रेखा गणित का समावेश दृष्टव्य है।

04

## नाट्य कला




नाटक लिखने और खेलने का वर्णन करती कला।

तीर्थंकर ऋषभदेव का अनन्य अवदान...

# बहत्तर कलाएं

05


## गीत कला



स्वरों का ज्ञान एवं उनके अलापने के समय व प्रभाव का ज्ञान कराती कला।

06


## वादित्र कला



संगीत के स्वर -भेद और ताल आदि के अनुसार वाद्यों के अनुसार वाद्यों का परिज्ञान।

07

## पुष्करगत कला



बाँसुरी, भेरी अथच शहनाई आदि के वादन का प्रशस्त ज्ञान।

08

## स्वरगत कला



षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद स्वरों ज्ञान।

# बहत्तर कलाएं

09


## समताल कला



वाद्यानुसार हाथ-पैर-कमर की गति साधना।

10

## धूत कला



भूपालों को दिया जाने वाला ज्ञान, मनोविनोद का मनोज्ञ साधन धूत कला द्वारा अनेक रहस्य भी प्रकट किए जाते थे।

11


## जनवाद कला



मनुष्य के शरीर, रहन-सहन, बातचीत, बौद्धिक स्तर और अन्नपान आदि का ज्ञान देती कला।

12

## प्रोक्षत्व कला




वाद्य विशेषों का ज्ञानाभ्यास।

# बहत्तर कलाएं

13

## अर्थ पद कला



अर्थशास्त्र, अर्थात रत्न-परीक्षा और धातुवाद का सूक्ष्म विवेचन।

14

## उदक मृत्तिका कला



सलित किस भूमि पर है और किस भूमि पर नहीं हैं, का निर्णय मिट्टी के माध्यम से करना।

15

## अन्न विधि कला



पाकशास्त्र का परिपूर्ण ज्ञान करती कला।

16

## पान-विधि कला




विविध प्रकार के पेय पदार्थ निष्प करने की प्रक्रिया बताने वाली कला।

# बहत्तर कलाएं

17


## वस्त्र विधि कला



वस्त्र निर्माण से जुड़े प्रत्येक पहलू का ज्ञान कराने वाली कला

18


## शयन विधि कला



शैया, बिछौना आदि के प्रमाण करने का निखिल ज्ञान प्रदान करती विधि।

19


## आर्याछन्द कला



आर्याछन्द लिखने और उसके विविध प्रकारों की प्रत्येक दृष्टि से जानकारी।

20

## प्रहेलिका कला




पहेली बूझने की योग्यता

# बहत्तर कलाएं

**21**

## मागधिका कला



मागधी भाषा और साहित्य के हृदय को समझने की कला।

**22**


## गाथा कला



गाथा सूत्र लिखने एवं तद्गत मर्मों भावों को समझाने की कला।

**23**

## श्लोक कला



श्लोक लिखने एवं उनके अर्थ को समझाने की अनुपम विधा।

**24**

## गंध युक्ति कला




गन्धित द्रव्यों संबंधी गुण दोषों को समझने की कला।

# बहत्तर कलाएं

25


## मधु सिक्थ कला



मोम अथवा आलता तैयार करने के विधि विधान को जाहिर करने वाली कला।

26

## आभरण विधि कला



तरह तरह के आभूषण निर्माण एवं धारण करने की पद्धति का ज्ञान।

27

## तरुणी परिकर्म कला



निखिल विश्व के अखिल प्राणियों को प्रसन्न करने की प्रक्रिया बतलाती कला।

28

## स्त्री लक्षण कला




नारियों की जातियों तथा उनके गुण दोषों का सम्यक् रीति से परिज्ञान कराती कला।

# बहत्तर कलाएं

29


## पुरुष लक्षण कला



पुरुषों की जातियों एवं गुण-अवगुणों को प्रमाणित करने वाली स्वस्थ, अनूठी कसौटी है।

30


## हय लक्षण कला



घोड़ों की पहचान उनके सदोष-निर्दोष लक्षणों के आधार पर करने की सलाह देती विधा।

31


## गज लक्षण कला



हाथियों की जातियों व उपजातियों की सकल जानकारी देती कला।

32

## गौ लक्षण कला




गो (कामधेनु-वर्षभ) संबंधी तमाम जानकारियों का विपुल भंडार सौंपने वाली कला।

# बहत्तर कलाएं

33


## कुक्कुट लक्षण कला



कुक्कुटों (मुर्गा-मुर्गियों) की एक-एक नस्ल का बारीकी से वर्णन करती विधा।

34


## मेढ़ा लक्षण कला



मेढ़ों की विशिष्टताओं अविशिष्टताओं का आमूल क्रमवार ब्यौरा प्रस्तुत करने की विधा।

35


## चक्र लक्षण कला



चक्र-परीक्षा एवं चक्र-संबधित विमल-अविमल रहस्यों को उद्घाटित करती कला।

36

## छत्र लक्षण कला




छत्र-परीक्षा तथा छत्र समन्वित सर्वोत्तम अनुसार मनुज की शांति-अशांति का परिचय प्रदत्त करने वाली कला।

# बहत्तर कलाएं

37


## दण्ड लक्षण कला



दण्ड परीक्षा तथा दण्ड से होने वाले शुभ-अशुभ कार्यों को प्रकट करने के लिए यंत्र-सदृश्य है।

38


## असि लक्षण कला



असि परीक्षा की तत्सम्बन्धी शुभाशुभ संकेतों को प्रदर्शित करती विधा।

39


## मणि लक्षण कला



चन्द्रकान्त मणि, सूर्यकान्त मणि और नाग मणि आदि मणियों की परीक्षा का भेद-विज्ञान करती विधा।

40

## काकिणी लक्षण कला




सिक्कों/मुद्राओं के परीक्षण की विधिवत जानकारी प्रदान करती कला।

# बहत्तर कलाएं

41


## चर्म लक्षण कला



शरीर के बहिरंग चिन्ह, तिल, भंवरी, मस्सा और चर्मगत स्निग्ध-रुक्षताओ द्वारा भाग्य निर्णय की सूचना देती विधा।

42


## चंद्र चरित कला



चंद्रमा की गति, विमान, वैभव, परिवार एवं संबंधित ग्रहणादि द्वारा शकुन अपशकुन का ज्ञान।

43

## सूर्य चरित्र कला



सूर्य की गति, विमान, वैभव, परिवार एवं चंद्र-चरित्र कलावत अन्य जानकारियों का खजाना भेंट करती कला।

44

## राहु चरित्र कला




राहु से संबंधित सकल जानकारियों को सहज ही उपलब्ध कराने वाली कला विधा।

# बहत्तर कलाएं

**45**

## ग्रह-चरित कला



सूर्य चंद्र, राहु त्रय ज्योतिष विमानों के अतिरिक्त अन्य ग्रहों की गति का ज्ञान कराती विधा।

**46**


## सौभाग्यकर कला



जीवन के सौभाग्यपूर्ण क्षणों की सूचना पूर्व में ही कैसे मिल सकती हैं इसकी जानकारी देती पथ प्रदर्शिका कला।

**47**


## दुर्भाग्यकार कला



अशुभ संकेतों को बताने व उनसे जीवन रक्षित करने के उपायों को बतलाने वाली मातृवत कला।

**48**

## विद्यागत कला




शास्त्र-ज्ञान, कब कहां कैसे करना आदि का ज्ञान देती शुभंकर कला।

# बहत्तर कलाएं

**49**


## मंत्रगत कला



दैहिक, दैविक और भौतिक बाधाओं को दूर करने का वर्णन करती विधा।

**50**


## रहस्यगत कला



जादू टोने एवं टोटकों को कुशलता पूर्वक करने का वर्णन करती विधा।

**51**


## संभव कला



प्रसूति संबंधी सम्पूर्ण विज्ञान का ज्ञान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती विधा।

**52**

## चार कला



द्रुत गति से कदम बढ़ाने, रखने की युक्ति युक्त प्रक्रिया प्रदर्शित करती विधा।

# बहत्तर कलाएं

53


## प्रतिचार कला



रोगी की परिचर्या सेवा कब कैसे करना आदि का सौम्य ज्ञान देती विधा।

54


## व्यूह कला



युद्ध के समय सेना को टुकड़ियों में विभक्त कर दुर्लध्य स्थानों में स्थापित करने का ज्ञान देती कला।

55


## प्रतिव्यूह कला



शत्रु द्वारा रचना करने पर प्रतिव्यूह रचने का प्रबोध करवाती विधा।

56

## स्कन्धावार निवेशन कला




छावनियां बसाने की प्रक्रिया एवं सेना को अन्नपान आदि रसद प्रेषित करने का उचित प्रबंध कहाँ और कैसे करना है, इसका ज्ञान करती कला।

# बहत्तर कलाएं

57


## नगर निवेशन कला



नगर बसाने की असंख्य जानकारियां अर्पित करने वाली कला।

58


## स्कंधावार मान कला



छावनी के प्रमाण, लंबाई, चौड़ाई एवं अन्य प्रमाणों की जानकारी देने वाली विधा।

59

## नगर मान कला



कौन सा नगर कितनी लम्बाई, चौड़ाई आदि प्रमाण वाला होना चाहिए, यह बताती विधा।

60

## वास्तुमान कला




भवन, प्रासाद, गृह और मंदिर के प्रमाण की सर्वोत्तम वृहद जानकारियों वाली कला।

# बहत्तर कलाएं

61


## वास्तु निवेशन कला



सदन, प्रासाद, गृह एवं मंदिर निर्माण की समझ प्रस्फुटित करती कला।

62


## इष्वस्त्र कला



दुश्मन के ऊपर किस समय कौन से बाण का प्रयोग करना है, यह पाठ सिखाती विधा।

63


## व्यरूप्रवाद कला



असि (तलवार) शास्त्र का व्यापक अध्ययन कराती कला।

64

## अश्व शिक्षण कला




घोड़ों को कैसे चलाना, दौड़ाना, छलांग लगवाना आदि की निष्प्रमाद श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करती विधा।

# बहत्तर कलाएं

65


## हस्ति कला



गजों (हाथियों )को प्रशिक्षित करने के बेजोड़ तरीकों से परिचित कराने वाली कला।

66


## धनुर्वेद कला



शब्द एवं लक्ष्य भेद की अचूक शिक्षा प्रदान करने को चित्त-आदित करती विधा।

67


## हिरण्य, सुवर्ण, मणि पाक कला



धातुवाद का बोध कराने वाली कला है।

68

## आर्जि कला




बाहु-युद्ध, दण्ड-युद्ध, मुष्टि-युद्ध, दृष्टि-युद्ध एवं जल और युद्धातियुद्ध का ज्ञान देती कला।

# बहत्तर कलाएं

69


## क्रीड़ा कला



सूत्र-खेल, नासिका-खेल एवं धर्म-खेल आदि बहुविध खेलों को सिखलाने वाली कला।

70

## छेद्य कला



पत्रच्छेद, कटकच्छेद आदि किस विधि से किया जाए इसका ज्ञान कराती कला।

71


## सजीव-निर्जीव कला



मृत एवं मृतप्राय: .... को जीवित करने-ग्रसित करने की अनेक प्रणालियों का ज्ञान कराने वाली साधु कला।

72

## शकुनरुत कला



पक्षियों की कलरव-ध्वनि आवाज को सुन शुभाशुभ शकुन, संकेतों को समझने का ज्ञान देती कला।